घाटे में चल रही औद्योगिक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को बन्द करने के संबंध में आठवीं योजना के लिए प्रारूप-पत्र

1792. **श्री जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए तैयार किए गए अपने प्रारूप-पत्र में सरकार को सलाह दी है कि जो औद्योगिक इकाइयां, आर्थिक प्रबंधात्मक तथा तकनीकी तौर पर पुनर्गठित किए जाने के बाद भी घाटे में चल रही हैं, उन्हें बंद कर दिया जाए ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस प्रारूप पत्र पर गम्भीरता से विचार किया है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त सिफारिश को स्वीकार कर लिए जाने के पश्चात देश में सार्वजनिक क्षेत्र की कुल कितनी औद्योगिक इकाइयों को बंद किए जाने की सम्भावना है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : (क) जी, नहीं । आठवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारूप अभी तैयार नहीं किया गया है ।

(ख) से (घ) ये प्रश्न नहीं उठते ।

भू-वैज्ञानिक और खनन निदेशालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश के कार्यालय से भारत-चीन सीमाओं के नक्शों का गुम होना

1793. **श्री सोहन लाल धूसिया :**
श्री अजीत जोगी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भू-वैज्ञानिक और खनन निदेशालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से भारत-चीन सीमा के क्षेत्रों से संबंधित करीब एक सौ नक्शे गायब पाए गए हैं ;

(ख) इस मामले में अब तक क्या कार्यवाही की गई है तथा इस संबंध में क्या प्रगति हुई है ; और

(ग) इस मामले में कितने कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है तथा क्या उनमें से किसी कर्मचारी को निलंबित भी किया गया है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी और अन्तरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के०आर० नारायणन) : (क) जी, नहीं। भू-वैज्ञानिकों और खनन निदेशालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, सरकार ने बताया है कि उनके कार्यालय से भारत-चीन सीमा क्षेत्र से संबंधित कोई नक्शा गायब नहीं हुआ है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

Growth of Gross Domestic Products

1794. SHRI KAMAL MORARKA:
SHRI YASHWANT SINHA:

Will the Minister of PLANNING be pleased to state what is the percentage shift of employment *inter-se* between agriculture industry and services sector, respectively for the 7th Five Year Plan period, as compared to 1st Five Year Plan period?

THE MINISTER OF PLANNING AND THE MINISTER OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): The only comparable estimates of sectoral distribution of workers over a long period of time are available from the Census. A statement giving the percentage distribution of workers by Agriculture, Industry and Services